ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 23.02.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 23.02.2021 को ककरा में निर्माणाधीन मैटेरियल रिकवरी फेसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेन्टर एवं पशु वधशाला का किया गया निरीक्षण।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 23.02.2021 को ककरा काकर कुण्ड स्थित जैव विविधता पार्क मे लगे पेड़–पौधो एवं मियावाकी पार्क का किया गया निरीक्षण।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 23.02.2021 को ककरा में निर्माणाधीन मटेरियल रिकवरी फेसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेन्टर का निरीक्षण किया गया । स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूडे के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ककरा में मटेरियल रिकवरी फेसेलिटी निर्माणाधीन एम0आर0एफ सेन्टर में चल रहे निर्माण कार्य का नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की भी जानकारी प्राप्त की गई। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्माणाधीन एम0आर0एफ सेन्टर में हो रहे कार्य को मानक के अनुरुप यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु मुख्य अभियंता (सिविल) को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा में बनी पशु वधशाला निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशु वधशाला की अन्दर की जमीन को लेवल कराये जाने तथा पशु वधशाला में साफ–सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता, अवर अभियन्ता (जल) श्री उमेश कुमार उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा काकर कुण्ड स्थित जैव विविधता पार्क में लगे पेड़–पौधो एवं साफ–सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा जैव विविधता पार्क में नियमित रूप से पेड़ पौधो के रख रखाव हेतु एवं साफ–सफाई रखने के लिये श्री अंगद गुप्ता उद्यान प्रभारी/ सहायक नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता, अवर अभियन्ता (जल) श्री उमेश कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर